**Sixteenth Loksabha**

>

Title: The Minister of State in the Ministry of Parliamentary Affairs and Minister of State in the Ministry of Water Resources; River Development and Ganga Rejuvenation laid the statement regarding Government Business during the week commencing the 12th March, 2018 and submission made by Members.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES, RIVER DEVELOPMENT AND GANGA REJUVENATION (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Madam Speaker, with your permission, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 12th of March, 2018 will consist of:-

Consideration of any items of Government Business carried over from today's order paper: [it contains (a) Discussion and voting on Demands for Grants under the control of the Ministry of Railways for 2018-19 and (b) Discussion and voting on Demands for Grants under the control of the Ministry of Agriculture and Farmers' Welfare for 2018-19]

Discussion and voting on Demands for Grants under the control of following Ministries for 2018-19:-

(a) Social Justice and Empowerment

(b) Health and Family Welfare

(c) Youth Affairs and Sports

(d) Road Transport and Highways

Consideration and passing of the Appropriation Bill relating to following Demands for Grants:-

(a) Demands for Grants for 2018-19

(b) Supplementary Demands for Grants for 2017-18

Guillotining of outstanding Demands for Grants in respect of Union Budget for 2018-19

Consideration and passing of the Finance Bill, 2018

Consideration and passing of the following Bills:-

(a) The Payment of Gratuity (Amendment) Bill, 2017

(b) The Dentists (Amendment) Bill, 2017

(c) The Negotiable Instruments (Amendment) Bill, 2017

(d) The Specific Relief (Amendment) Bill, 2017

(e) The Public Premises (Eviction of Un-authorized Occupants) Amendment Bill, 2017

(f) The National Sports University Bill, 2018

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Submissions by Members may be treated as laid on the Table of the House.

***श्रीमती रमा देवी (शिवहर) :** अगले सप्ताह की लोक सभा की कार्यवाही के दौरान मेरे निम्नलिखित एजेन्डों को शामिल करने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

1. मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्वी चम्पारण जिला के मधुबन प्रखंड में स्थित मधुबन डाकघर का भवन बहुत ही जर्जर हालत है जिसके कारण डाक संबंधी कार्य करने एवं डाकघर में आने जाने वालों को कई दिक्कत का सामना करना पड़

रहा है, मधुबन डाकघर के भवन निर्माण कार्य एवं उक्त डाकघर पर आधुनिक तकनीकी पर आधारित डाक संबंधी सेवा शुरू करने का कार्य।

2. मेरे संसदीय क्षेत्र सीतामढ़ी जिले के बेलसंड-छतौनी पथ पर निर्मित बसौल आर सीसी पुल बनकर तैयार हो गया है भूमि अधग्रिहण के अभाव में इसका एप्रोच रोड अभी तक नहीं बना है सीतामढ़ी जिले के बेलसंड एवं शिवहर जिले के तरियाणी प्रखंड को परस्पर आपस में जोड़ने वाले इस लाईफ लाईन सड़क पुल के एप्रोच रोड का शीघ्र निर्माण शुरू करने का कार्य।

***श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी):** महोदया, मैं अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों को शामिल करने का अनुरोध करता हूं:-

1. 2005 के पश्चात् राजकीय सेवाओं में नियुक्त शिक्षक एवं कर्मचारियों हेतु पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। वर्तमान में राजस्थान एवं मध्य प्रदेश सरकारें पुरानी पेंशन योजना को लागू कर चुकी हैं। अत: पूरे देश में उक्त पेंशन योजना पुन: शुरू करने पर विचार किया जाए।

2. रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित आयुध कारखानों में नागरिक उपयोग के शस्त्रों का निर्माण रोककर इन आयुध कारखानों का उपयोग केवल सेना की आवश्यकतानुसार फौज के लिए उन्नत किस्म के शास्त्र तथा उपकरों के निर्माण हेतु करने पर विचार किया जाए।

*SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN (VADAKARA):

The alarming and uncontrolled increase in bad loans and consequent NPAs in Public Sector Banks which raises fear of economic recession.

2. The unabated vandalization and defacing of statues of National leaders which action conveys a very wrong message to posterity.

***श्री विष्णु दयाल राम (पलामू):** मैं अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के लोक महत्व के निम्नलिखित विषयों को अगले सप्ताह की कार्य सूची में शामिल किया जाय:-

झारखण्ड की राजधानी रांची से एन.एच. 75 मेरे संसदीय क्षेत्र के डालटनगंज होते हुए मुडीसेमर, उत्तर प्रदेश की सीमा तक जाती है। विदित है कि रांची से एनएच 75 कुडू तक का फोरलेन का कार्य प्रारंभ है। एनएच 75 कुडू से वाया डालटनगंज होते हुए गढ़वा जिले के मुडीसेमर, (उत्तर प्रदेश) की सीमा तक फोर लेन किया जाए।

मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू, (झारखण्ड) के दोनो जिले पलामू एवं गढ़वा जिला बहुत हद तक क्रमश: बिहार सोन एवं (रिहन्द) उत्तरप्रदेश के ग्रीड से बिजली की आपूर्ति पर निर्भर करते हैं जिसके कारण इन दोनों जिलों को पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल पाती है। वैसी परिस्थिति में बिजली की आपूर्ति में सुधार लाने हेतु भवनाथपुर (गढ़वा) में थर्मल पावर प्लाटं की स्थापना की जाए।

*SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Crisis in Cashew Industry due to the imposition of customs duty and necessity of a comprehensive package for the revival of the Cashew Industry. Waiver of Road and infrastructure cess for diesel used by mechanised fishing vessels for fishing.

***श्री नारणभाई कछाड़िया (अमरेली**): मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में केन्द्रीय विद्यालय स्थापना के संदर्भ में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। मैं 15वीं लोक सभा से लगातार अमरेली में केन्द्रीय विद्यालय खोलने के संदर्भ में सदन में इस विषय को उठा रहा हूं। लेकिन अभी तक इस विषय में कोई प्रगति नहीं हुई है। यूपीए सरकार में बीजेपी शासित प्रदेशों के प्रति अनदेखी होती थी, जिसके कारण 15वीं लोक सभा में मेरा प्रयास असफल रहा। लेकिन हमारी सरकार शिक्षा को लेकर बहुत ही बचनबद्ध है, उसमें किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं करती है। हमारी सरकार मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में एक साल पहले ही केन्द्रीय विद्यालय को मंजूरी दे चुकी है। लेकिन हमारे जिले के कलेक्टर एवं केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अधिकारियों द्वारा भूमि संबंधित नियमों का हवाला देकर मामले की अनदेखी की जा रही है, जिससे अमरेली की जनता को केन्द्रीय विद्यालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है और वहां के अभिभावक अपने बच्चों को केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ाने से वंचित रह रहें हैं। अमरेली में शहर के अंदर कई एकड़ सरकारी भूमि अवैध

रूप से कुछ अमीर व्यक्तियों ने गौशाला के नाम पर कब्जा कर रखी है, और दो-चार गायें रखकर भूमि अपने निजी प्रयोग में ला रहें हैं, और जब हम सतर्कता निगरानी समिति के दौरान कलेक्टर से केन्द्रीय विद्यालय खोलने का विषय रखते हैं , तो शहर के अंदर जमीन नहीं होने का हवाला देकर अपने को मामले से अलग कर लेते हैं जबकि गौशाला शहर के बाहर चलायी जा सकती है तथा भूमि को केन्द्रीय विद्यालय संगठन को देकर केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना अमरेली जिले में हो सकती है।

अत: मेरा आपसे निवेदन है कि इस मामले को संज्ञान में लेकर अमरेली में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना शीघ्र अतिशीघ्र करवाने की कृपा करें।

ऊना-धारी-चलाला-अमरेली-बाबरा-जसदन से चोटीला तक राष्ट्रीय राजमार्ग प्रस्तावित है जिसकी कुल लंबाई 280 किलोमीटर है। इस एनएच के निर्माण कार्य हेतु अनुमानित लागत 1981 करोड़ रूपये प्रस्तावित है। इस एन एच के निर्माण कार्य की प्रगति ना के बराबर है। इसके लिए तो अभी तक भूमि का अधिग्रहण हो पाया है और ही अन्य प्रकार का कोई निर्माण कार्य चल रहा है। इस राजमार्ग को लेकर वहां के निवासी बहुत ज्यादा आशान्वित हैं क्योंकि इस मार्ग के निर्माण के साथ ही क्षेत्र के लोगों का आवागमन बहुत सरल हो जायेगा और वहां रहने वाले लोगों के साथ-साथ इसका लाभ इस मार्ग पर यात्रा करने वाले लोगों को भी मिलेगा। इस एन एच के बन जाने से जूनागढ़-अमरेली-राजकोट जिले को जोड़ा जायेगा और बहुत ही कम समय में तीनों जिलों में पहुंचा जा सकेगा।

अत: मेरा निवेदन है कि इस एनएच के निर्माण कार्य हेतु जल्द से जल्द कोष आवंटन करवाया जाए ताकि अतिशीघ्र इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके।

***श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा):** निम्न अति महत्वपूर्ण विषयों को अगले सप्ताह की कार्यसूची में शामिल करने की कृपा करें।

उदयपुर-खजुराहो इन्टरसिटी एक्सप्रेस को मानिकपुर जंक्शन तक न बढ़ाने से यात्रियों को बहुत परेशानी होती है। अस्तु उक्त ट्रेन को यथाशीघ्र मानिकपुर जंक्शन तक वाया बांदा, चित्रकूट धाम तक बढ़ाया जाए। चित्रकूट धाम स्थित हवाई पट्टी से नियमित उड़ाने न शुरू होने से हजारों यात्रियों को बहुत परेशानी होती है। अस्तु चित्रकूट धाम स्थित देवांगना हवाई पट्टी से दिल्ली एवं लखनऊ हेतु नियमित उड़ानें यथाशीघ्र शुरू की जाएं।

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet on Monday, the 12th March, 2018 at 11.00 a.m.

12 06 hrs

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on*

*Monday, March 12, 2018/Phalguna 21, 1939 (Saka).*

---

*Laid on the Table.

*Laid on the Table.

*Laid on the table.

*Laid on the Table.